भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अंतारांकित प्रश्न सं. 2348

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

पंजाब में गति शक्ति परियोजनाएँ

2348. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब में पीएम- गति शक्ति के अंतर्गत सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति क्या है;

(ख) पिछले दो माह में पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) इन परियोजनाओं के लिए कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) पंजाब में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) पंजाब राज्य सहित सभी राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) विकास परियोजनाओं की योजना पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) सिद्धांतों के अनुरूप बनाई गई है।

गत वर्ष (2023-24) और चालू वर्ष के दौरान पंजाब राज्य के लिए प्रदान की गई रारा परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**लंबाई**	**लागत (करोड़ रु.में)**
2023-24	**69**	**404**
2024-25 (31.01.2025 तक)	**79**	**608**

(ख) पंजाब राज्य में पिछले दो माह में एक परियोजना पूरी हुई है।

(ग) निधियों का आवंटन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार किया जाता है**,** इसे परियोजना-वार नहीं किया जाता है। पिछले वर्ष (2023-24) और चालू वर्ष के दौरान पंजाब राज्य के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधियों और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	आवंटन (करोड़ रु. में)	व्यय (करोड़ रु. में)
2023-24	**12,419**	**12,419**
2024-25 (31.01.2025 तक)	**6,910**	**6,545**

(घ) पंजाब राज्य में लगभग 361 किलोमीटर लंबाई की एक्सप्रेसवे परियोजनाएँ शुरू की गई हैं। इनमें से 31 किलोमीटर लंबाई पूरी हो चुकी है और शेष 330 किलोमीटर लंबाई को चरणबद्ध तरीके से अप्रैल**,** 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

*****